>

Title: Need to provide Central aid for Ahmedabad-Gandhinagar metro rail project in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विÂाय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। गुजरात सरकार ने बड़े शहरों एवं उनके अगल-बगल की शहरी परिवहन सेवा को सुदृढ़, सुरक्षित और अतिशीघ्र बनाने तथा जनता को अच्छी सुविधा देने के प्रयास

स्वरूप गांधीनगर अहमदाबाद मेट्रो रेल द्वारा संकलन करने के मकसद से स्पेशियल परपज व्हीकल के तरीके से राज्य मालकी की मेगा कम्पनी लिमिटेड एक्ट 1956 के अंतर्गत स्थापना की है, जो पूर्ण रूप से कार्यरत है। राज्य सरकार ने इस काम के लिए दिल्ली मेट्रो रेलवे कॉर्पोरेशन का टैक्नीकल कन्सल्टंट हेतु रखा है। **...**(व्यवधान) दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा वÂाि 2005 में दो ब्यौरे वार प्रोजैक्ट रिपोर्ट पेश किये गये थे, जिसका आज बजट दर के हिसाब से 900 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है।

इन प्रोजैक्ट के विकास के लिए आज तक खासी रकम खर्च हो चुकी है और अब होने वाले खर्च हेतु गुजरात सरकार ने अपने वÂाि 2012-13 के बजट में समावेश किया है और मेगा प्रोजैक्ट के लिए मेगा कम्पनी को 500 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है। **...**(व्यवधान)

सभापति महोदय, आप मेरी एक मिनट बात सुन लीजिए। इसके अलावा फिर भी इन प्रोजैक्ट का आधार केन्द्रीय सहायता पर निर्भर है जिसके लिए 25 प्रतिशत सहायता आवश्यक है। राज्य सरकार अन्य शहरों में भी इस प्रकार की व्यवस्था लागू करना चाहती है। **...**(व्यवधान)

अतः मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि उपरोक्त प्रोजैक्ट को सहायता हेतु उचित धनराशि आवंटित की जाये, जिससे गुजरात में पहला मेट्रो रेल प्रोजैक्ट से पुरानी और नई राजधानी अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच संपर्क बनाया जा सके।